श्री बंशीधर नगर, सोमवार
13.01.2025
पौष शुक्लपक्ष पूर्णिमा संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 141

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:40 बजे
अस्त - 05:28 बजे

**तापमान**
अधिकतम :24 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
गोविंद व ज्ञान निकेतन लगातार दूसरी बार फाईनल में >> पेज 03
अक्षय स्टारर फिल्म 'भूत बंगला' में तब्बू की एंट्री : पेज 04

## सुविचार

सफल मनुष्य वही है, जो सभी के हितों का ध्यान रखता है

## न्यूज अपडेट्स

### मलेशिया में प्रवासी श्रमिक की मौत, शव मंगवाने की मांग

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर उमेश सिंह (35) की मलेशिया में मौत हो गई।रविवार को सुबह में उसकी मौत होने की सूचना परिजनों को मिली । बताया गया कि शनिवार रात 10 बजे ही युवक ने वीडियो कॉल से अपने परिजनों से बात की थी।परिजनों को क्या पता था कि सात घंटे बाद उन्हें उसकी मौत की खबर मिलेगी। मृतक डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो निवासी चेतलाल सिंह के पुत्र हैं। वह मलेशिया में एफजीभी कंपनी में काम करता था।उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उमेश सिंह अपने पीछे पत्नी और बेटी किरन कुमारी (17), पूजा कुमारी (13) और बेटा पप्पू कुमार (15) को छोड़ गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है और गांव में भी शोक की लहर है। इस बीच प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर अनवरत काम करने वाले सिकन्दर अली ने सरकार से शव मंगवाने की मांग की है।

### मणिपुर में हथियार बरामद

**इम्फाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने जेलमोल गांव से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। बरामद सामानों में एके-56 राइफल और मैगजीन, .303 राइफल और मैगजीन, 9 मिमी देशी पिस्तौल और मैगजीन, 12 मिमी सिंगल बैरल राइफल, तीन 12 मिमी सिंगल बैरल देशी राइफल, चीन निर्मित हैंड ग्रेनेड (नं. 36) शामिल हैं।

**छत्तीसगढ़** बीजापुर में पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़, हथियार और विस्फोटक बरामद

# दो महिला समेत पांच नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली सहित कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। सर्चिंग में दो महिला नक्सली सहित कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक 12 बोर की बंदूक, दो सिंगल शॉट रायफल, एक बीजीएल लांचर, एक देशी गन भरमार व विस्फोटक पदार्थ, नक्सली साहित्य व नक्सल सामाग्री बरामद हुई है।
बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ होती रही जो शाम 3-4 बजे तक चली। मुठभेड़ के बाद पर मौके से सर्चिंग के दौरान दो महिला एवं तीन पुरुष कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुआ है। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। विस्तृत व्यौरे की प्रतीक्षा है।
पुलिस के अनुसार जिले के नेशनल पार्क के जंगल में नक्स्लियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बल की टीम नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11 जनवरी को अभियान पर रवाना हुई थी। सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर बढ़ता देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो महिला एवं तीन पुरुष कुल पांच वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर उनके शव बरामद कर लिए गये हैं। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

## 25 लाख के इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी आठ लाख की इनामी राजे कांगे गिरफ्तार



**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने आज रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के अंतागढ़ से पुलिस ने नक्सल संगठन में विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहे शीर्ष नक्सली प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव को 23 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर चुकी है। वह उत्तर सब जोनल ब्यूरो में रसद आपूर्ति एवं मोबाइल पालेटिकल स्कूल का प्रभारी रहा। छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई अन्य राज्यों में गिरफ्तार शीर्ष नक्सली प्रभाकर राव के विरूद्ध दर्जनों अपराध पंजीबद्ध है। रसद आपूर्ति एवं रसद इंचार्ज, ओड़िसा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ के शीर्ष नक्सल नेताओं का करीबी सहयोगी रहा। नक्सलियों के सीसीएम सचिव गणपति का चचेरा भाई है प्रभाकर राव। तेलांगाना के जगित्याल जिले के ग्राम बीरपुर निवासी 57 वर्षीय प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव वर्ष 1984 में नक्सल संगठन में भर्ती हुआ था। वर्ष 1984-1994 तक अविभाजित राज्य आंध्रप्रदेश में नक्सल संगठन में सक्रिय रहा। वर्ष 1995-1997 तक बालाघाट क्षेत्र (मध्यप्रदेश) में सक्रिय, वर्ष 1998-2005 तक उत्तर बस्तर, कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सक्रिय रहे। वर्ष 2005-2007 डीकेएसजेडसी आपूर्ति टीम, शहरी नेटवर्क का कार्य, वर्ष 2007-2008 मानपुर-मोहला क्षेत्र में सक्रिय, वर्ष 2008-2024 वर्तमान समय तक डीकेएसजेडसी आपूर्ति एवं मोबाइल पालेटिकल स्कूल का प्रभारी रह चुका है। प्रभाकर राव की पत्नी डीवीसी सदस्य राजे कांगे रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है। प्रभाकर के साथ उसकी पत्नि भी कांकेर जिले में सक्रिय थी, नक्सली प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव के गिरफ्तार के बाद उसकी पत्नी राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपकर रह रही थी, जिसे आज गिरफ्तार कर लिया गया है ।

## जयपुर हाइकोर्ट के जज का मोबाईल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, गये जेल

**दुमका।** वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए



बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश के बॉर्डर से अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल आठ मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदर्शन महतो, आकाश महतो और बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वाटर्र कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया शामिल है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने रविवार को बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था। इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारीयों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला। इसके आधार पर तीन पहाड़ के बाबूपुर गांव से दो मोबाइल चोर को गिरफ्त में लिया गया। इनकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है।

## चाईबासा में सुरक्षा बलों ने तीर से लैस छह आईईडी किया बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से



नक्सलियों ने छह तीर में आईईडी लगा रखे थे। आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ 10 दिसंबर, 2023 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

पुष्य नक्षत्र, मकर राशि और शनि देव का बन रहा खास संयोग

# मकर संक्रांति 14 को, 19 साल बाद कई शुभ योग

**चतरा।** स्नान-दान का महापर्व मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को ही मनाया जायेगा। भगवान सूर्य नारायण 14 जनवरी को दिन में 03:27 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति का पुण्यकाल इस बार दिनभर होगा। आचार्य चेतन पाण्डेय ने कहा कि इस बार मकर संक्रांति मंगलवार दिन को पड़ रहा है। शास्त्र के अनुसार मंगलवार को सूर्य की संक्रांति होने से पित्त, कफ और वात के प्रकोप से प्राणियों को पीड़ा होती है। राजाओं में कलह और अवृष्टि दुर्भिक्ष होने की अधिक संभावना बनती है। इस बार मकर संक्रांति के प्रभाव से राजनीतिक, सामाजिक उथल-पुथल मच सकती है। लगभग 19 वर्ष बाद इस बार मकर संक्रांति पर अद्भुत संयोग बन रहा है। मकर संक्रांति के दिन पुष्य नक्षत्र भोग करेगा। पुष्य नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं और मकर राशि के भी स्वामी शनि देव ही हैं। यह संयोग स्नान और दान के लिए बहुत ही फायदेमंद माना गया है। आचार्य ने कहा कि 14 जनवरी को सुबह 10:29 तक पुनर्वसु नक्षत्र है। इसके बाद पुष्य नक्षत्र प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मकर संक्रांति 12 में तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ और लाभकारी समय लेकर आ रहा है। कर्क, तुला



और मीन राशि के जातकों के लिए इस बार मकर संक्रांति विशेष लाभदायक होगा। सूर्यनारायण के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही पिछले छह माह से चला आ रहा दक्षिणायन का समापन होगा और उत्तरायण प्रारंभ होगा। उत्तरायण को देवताओं का प्रभात बेला कहा गया है। उत्तरायण होते ही हिंदू धर्मावलंबियों के सभी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। आचार्य ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान भास्कर की पूजा विशेष लाभकारी मानी जाती है। इस दिन तिल का दान को विशेष महत्व दिया गया है। मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ॐ सूर्याय नमः, ॐ भास्कराय नमः, ॐ मित्राय नमः, ॐ भानवे नमः, ॐ खगाय नमः, ॐ पूषने नमः, ॐ मरिचये नमः, ॐ आदित्याय नमः, ॐ सवित्री नमः, ॐ अर्काय नमः, ॐ हिरण्यगर्भाय नमः भगवान सूर्य के अन्य नामाक्षर मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

### मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त

इस बार मकर संक्रांति माघ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाएगा। कई वर्ष के बाद इस बार यह संयोग आया है जब मकर संक्रांति का त्योहार माघ महीने में मनाया जाएगा। ऐसे में इस वर्ष मकर संक्रांति पर स्नान-दान का बहुत लाभप्रद माना गया है। आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा कि बृहद् ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि संक्रांति दिन में हो तो इसका पुण्य कल दिनभर माना गया है।

## हिमाचल प्रदेश की वादियां फिर बर्फ से लकदक, शीतलहर तेज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की वादियां एक बार फिर ताजा बर्फबारी के बाद सफेद चादर में ढंक गई हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चम्बा और शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। वहीं, मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं वर्षा और घना कोहरा छाया है। राज्य में बर्फबारी और बारिश के चलते शीतलहर तेज हो गई है। आधा दर्जन शहरों का पारा माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में और बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार गोंदला में छह, कोठी, खदराला, केलंग और शिलारू में पांच-पांच, जोत में चार और कल्पा में एक सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। लाहौल-स्पीति का ताबो इस समय सबसे ठंडा



स्थान बना हुआ है जहां रविवार को न्यूनतम पारा -5.2 डिग्री तक गिर गया है। इसके अलावा अन्य पहाड़ी व जनजातीय क्षेत्रों में भी तापमान शून्य से नीचे है। शिमला जिला के नारकण्डा व कुफरी में पारा -2.9 डिग्री व -1.2 डिग्री, कुकुमसेरी में -2.8 डिग्री, समधो में -2.7 डिग्री और कल्पा में -1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मनाली और शिमला में भी न्यूनतम तापमान क्रमशः 1.4 डिग्री और 2.2 डिग्री पर पहुंच गया है। किन्नौर और चंबा जिलों की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है।



# महिलाओं को राज्य सरकार ने दिया सम्मान : राधा कृष्ण किशोर

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** गांधी उद्यान में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला इकाई द्वारा आयोजित हुनर हाट में मुख्य अतिथि झारखंड के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महिलाओं की हालत दयनीय है। इन्हें मंईयां सम्मान योजना के जरिये सामाजिक और आर्थिक मजबूती देने के लिये हेमंत सरकार कार्य कर रही है। राज्य की महिलाओं को सम्मान के साथ जीना सिखाया है। महिलाएं अपनी जरूरत को इस पैसे से पूरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक पलामू के प्रमुख बैंकों में 8000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जमा थी। बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार, इस राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं और जिले के विकास के लिये ऋण के रूप में दिया जाना चाहिये, लेकिन अब तक केवल 38 प्रतिशत राशि का ही उपयोग हुआ है। मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही बैंकों के साथ बैठक करेंगे और बाकी राशि का सही तरीके से उपयोग सुनिश्चित करेंगे, ताकि वह महिला और जिले के विकास में लग सके। वित मंत्री ने चेंबर के कार्यक्रम की सराहना की और गांधी मैदान को खूबसूरत स्वरूप देने के लिए पूर्व मेयर अरुणा शंकर की सराहना की। महिला इकाई की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सांसद वीडी राम ने कहा कि महिलाओं को समान अवसर देने के लिये मोदी सरकार संकल्पित है। महिलाओं की प्रतिभा को पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं पहचाना। पीएम मोदी हर क्षेत्र में महिलाओं की बेहतरी के लिये कार्य कर रहे हैं। मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि चेंबर की महिला विंग महिलाओं के हुनर को तराशने का काम कर रही है। महिलाओं की बेहतरी के लिए हमेशा कार्य किए जाएंगे। मौके पर बेबी शो, मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनीनगर जैसे कार्यक्रमों का शहरवासियों ने लजीज व्यंजनों के साथ लुत्फ उठाया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रो एससी मिश्रा, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दुबे, इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, रीतेश कुमार, राकेश सोनी, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल एवं टीना आनंद महिला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### रीता देवी हत्याकांड में आरोपी पति व ननद गिरफ्तार

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद पुलिस ने रीता देवी हत्याकांड के फरार आरोपी पति गोरख भुईयां व ननद ममता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी गोरख भुईयां रीता कुमारी (मृतिका) के साथ प्रेम विवाह कर नसो जमालपुर के फटहा टोला में अपनी बहन के घर रहता था। शादी होने के कुछ दिनों बाद दोनों के बीच हमेशा झगड़ा होता रहता था। इसी बीच गोरख भुईयां ने अपनी पत्नी रीता देवी की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिये उसे बघमनवा नदी के किनारे एक पेड़ के समीप में दफना दिया था। जब इस बात की जानकारी मृतका रीता के परिजनों को मिली तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी थी। आरोपी पति गोरख भुईयां पलामू जिला के पड़वा थाना क्षेत्र के सिक्का गड़ेरियाडीह गांव का निवासी है। पुलिस ने गोरख भुइयां को उसके घर से जबकि ममता देवी को नसो जमालपुर गांव से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी गत तीन माह से फरार चल रहे थे।

### विधायक ने महाकुंभ के यात्रियों को किया रवाना

**पांकी :** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने रविवार को आसेहार से महाकुंभ, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या, वृंदावन, काशी और मथुरा जैसे पवित्र धामों के लिये जाने वाले यात्रियों से भरी बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, संतोष वर्मा, विरेन्द्र मेहता, गुड्डू जी, अशोक कुमार सिंह, चंचल देवी, उपेंद्र सिंह, शांति देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## खेल

### शान ए वतन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# विधायक अनंत ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

**पेसका 11 की टीम ने रोमांचक मुकाबले में मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया**

**जज्बे के साथ खेले और अपने टैलेंट को निखारे सरकार करेगी सहयोग : अनंत प्रताप देव**



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** प्रखंड के तीसरटेट्का गांव के खेल मैदान में आयोजित शान ए वतन क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन रविवार को फाईनल मैच के साथ हो गया। फाईनल मुकाबला में पेसका 11 टीम ने मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। सालिक 11 तीसरटेट्का ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 141 रन बनाया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी पेसका 11 के टीम ने दो विकेट खोकर 10 ओवर दो गेंद में जीत हासिल कर टूनार्मेंट का विजेता बन गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार छोटन कुमार तथा टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अनुज कुमार को दिया गया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने ट्रॉफी शील्ड तथा 25 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम को झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान तथा सदर मेदनी खान, थाना प्रभारी विष्णुकांत, शान ए वतन के केंद्रीय अध्यक्ष तबीब आलम, करीब अंसारी आदि ने शिल्ड मेडल तथा 15 हजार नगद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामना देते हुये कहा कि खिलाड़ियों को सुसज्जित पोशाक में होकर खेल खेलने से उत्साह होता है। उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है बेहतर खेलने वाले खिलाड़ी हमेशा जीत की ओर अग्रसर रहते हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने खेलो झारखंड के तहत प्रतिभा निखारने के लिये हर तरह के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर प्रदान कर रही है, इसके लिये सरकार खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कोई भी खेल जज्बे के साथ खेले और अपने टैलेंट को निखारे। कार्यक्रम को उपरोक्त के अलावे मनोज ठाकुर, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, शान ए वतन के जिला अध्यक्ष अतहर अंसारी, जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी तथा अंसारी एकता संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने भी संबोधित किया। मैच में अंपायर की भूमिका अनिल चौधरी एवं मुन्ना चौबे द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम में फरीद खान, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष शरीफ अंसारी, हाफिज मंसूर अंसारी, मुजाहिद अंसारी, असगर अंसारी, सुनील चौधरी, शिवकुमार चौधरी, विधायक प्रत्याशी मुन्ना अंसारी, महबूब अंसारी, इदरीस अंसारी सहित सैकड़ो खेल प्रेमी थे।

# मुखिया ने मैट्रिक परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के बीच बांटा वर्मा गेस

**अपने कार्यकाल में पंचायत के विद्यार्थियों की पढ़ाई में करती रहूंगी मदद : मुखिया फूलमंती**



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** प्रखंड के हासनदाग पंचायत की मुखिया फूलमंती देवी की ओर से रविवार को अपने आवास पर मैट्रिक परीक्षा 2025 की तैयारी कर रहे 200 छात्र-छात्राओं के बीच वर्मा गेस का वितरण किया गया। उस मौके पर मुखिया फूलमंती देवी ने कहा कि जब तक मेरा कार्यकाल रहेगा तब तक प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में मदद करती रहूंगी। पुरे पंचायत में जितने भी छात्र-छात्राएं हैं उन सभी को अपनी तरफ से वर्मा गेस दिया जा रहा है। ताकि परीक्षा की तैयारी में कोई दिक्कत ना हो। मौके पर लगभग 200 विद्यार्थियों के बीच वर्मा गेस का वितरण किया गया है। मौके पर ज्ञान गंगा कोचिंग केंद्र के निदेशक हरेंद्र चौधरी, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्रवंशी, शिक्षक शिवदत्त चौधरी, संतोष चौधरी, अरुण कुमार चौधरी, अभिभावक महेंद्र चौधरी, राजेन्द्र चौधरी के अलावे विद्यार्थियों में पूजा कुमारी, साबित कुमारी, प्रीति कुमारी, आशियाना खातून, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी, कविता कुमारी, नौशाद अंसारी, संजीत चौधरी, नागेश्वर चौधरी, गोलू कुमार सहित कई लोग थे।

## एमआर सेवा सदन में रक्तदान शिविर का डॉ अनिल ने किया शुभारंभ, कहा

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 11 लोगों ने किया रक्तदान

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** युवाओं के मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रविवार को बस स्टैंड स्थित एमआर सेवा सदन में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, मुखिया रामसागर महतो, डॉ रवि कुमार, ब्लड बैंक के प्रदीप कुमार, झामुमो नेता दशरथ प्रसाद, संजय भगत, महेंद्र प्रसाद, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, संतोष सुमन, विभा रानी आदि ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये डॉ अनिल साह ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि रक्तदान से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है। डॉ साह ने सभी को स्वस्थ रहने के लिये साल में दो बार रक्तदान करने के लिये सलाह दी। डॉ रवि कुमार ने सेवा सदन द्वारा आयोजित रक्तदान तथा नि:शुल्क शुगर, बीपी की जांच शिविर लगाने की जानकारी देते हुये कहा कि जो स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी अस्पताल में नहीं मिल पाता है अथवा जो लोग प्राईवेट में अपना इलाज करना चाहते हैं वह एक बार यहां सेवा करने का अवसर दें, न्यूनतम लागत पर यहां विभिन्न प्रकार का ऑपरेशन के साथ अन्य चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जायेगी। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। शिविर में डॉ मनोज कुमार, डॉ रवि कुमार, डॉ अनुपम विश्वास, संतोष सुमन, रमेश दास, रुचि, प्रेम, समीर, जमील, विशाल, चंदन कुमार ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। शिविर में दर्जनों लोगों का नि:शुल्क शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा सदन के एएनएम प्रतिमा, पुष्पा, सुनैना, दुर्गावती, जूली, सरस्वती, रुपेश टेक्नीशियन वकील, सूरज, वशिष्ठ कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विकास डी की टीम बनी चैंपियन



**कांडी :** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत प्रावि हरिजन टोला अधौरा के खेल मैदान में आयोजित युवा क्रिकेट टूनार्मेंट के फाईनल मैच में विकास डी की टीम ने कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम थे। रविवार को खेले गये फाईनल मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुये विकास डी की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 142 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। टीम के खिलाड़ी दानिश ने 59 रन अपनी टीम के लिये बनाये। जबकि घटहुआं टीम के खिलाड़ी संजय ने 3 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी घटहुआं की टीम ने 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब दानिश को मिला जिसने 59 रन बनाये थे और 2 विकेट भी लिये। जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब घटहुआं टीम के खिलाड़ी पियूष को मिला। अंपायर की भूमिका सुरेन्द्र यादव व अभय कुमार ने निभाया। स्कोरर सिंटू कुमार थे। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नंद कुमार राम, इसराइल अंसारी, उमेश विश्वकर्मा, उमेश साह, राम ध्यान राम, अविनाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मुरमा में आयोजित प्रशिक्षण में फसलों की सुरक्षा पर किसानों को किया जागरूक



**विश्रामपुर :** उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा खुर्द पंचायत में कनीय पौधा संरक्षण विभाग की ओर से फसल सुरक्षा कार्यक्रम में जुटे किसानों को नई तकनीक की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया राम बच्चन राम, कृषि विशेषज्ञ सह प्रशिक्षक रवि रंजन एवं पवन कुमार सहित कार्यक्रम समन्वयक सहायक व तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के बीच प्रशिक्षक रवि रंजन ने फसलों में कीटनाशकों के वर्गीकरण के प्रकार एवं उपचार से सबंधित तथा जैव आधारित कीटनाशक जैसे बीजामृत, ब्रह्मशत्र, नीम आधारित कीटनाशी बनाने की विधि, ऑन फार्म ट्रिकोडरमा प्रोडक्शन इत्यादि विषय पर विधिवत जानकारी दी। वहीं पवन कुमार ने जैविक विधि से मिट्टी एवं बीज उपचार तथा येलो ट्रैप, लाईट ट्रैप एवं फलमख्खी ट्रैप इत्यादि विषय पर चर्चा किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 50 किसान भाई बहन शामिल थे।

### शादी के लिये मटकोड़वा रोकने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**मेराल :** पुलिस ने क्षेत्र के सोहवरिया गांव निवासी दिनेश चौधरी व मनोज चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जून 2024 में सोहवरिया गांव के एक पिता द्वारा अपनी पुत्री की शादी के लिये मटकोड़वा नहीं करने देने का आरोप लगाते हुये गांव के ही मनोज चौधरी एवं दिनेश चौधरी सहित कई अज्ञात लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में आरोपियों पर मजमा लगाकर भुक्तभोगी के साथ मारपीट करने, जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने तथा धार्मिक भावना भड़काने को लेकर किस दर्ज किया गया था।

### डोभा में डूबने से युवक की मौत



**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरचैया गांव में एक युवक की डोभा में डूबने से रविवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकलेश कोरवा पिता गिरजा कोरवा के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मुकलेश की डोभा में गिर कर डूबने से मौत हो गई। बताते चलें कि मुकलेश कोरवा के बड़े पिता का आज ब्रह्म भोज निपटा ही था कि एक और घटना घट गई। दुसरा घटना घट जाने से घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिछी दो लड़का एवं दो लड़की है। अत्यंत ही गरीब परिवार से अपने जीवन यापन करता था। वहीं बाहर जाकर मेहनत मजदूरी कर घर परिवार चलाता था। वह घर का एक मात्र कमाउ व्यक्ति था। उसके मौत हो जाने से घर परिवार वालों पर दु:खो का पहाड़ टूट गया। इधर घटना की सुचना मिलने पर धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने शव को पंचनामा कर अत्यंपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

# नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पंजरी खुर्द में ग्रामीणों की बैठक



## 27 अप्रैल को मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकालने का निर्णय

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** प्रखंड के पंजरी खुर्द में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में लालगढ़ व तोलरा के मुखिया सहित आस-पास के 20 गांवों के गणमान्य लोग शामिल थे। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिये कमेटी गठन करने व ट्रस्ट बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ होगा। 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को नगर भ्रमण के उपरांत मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं दो मई को यज्ञ की पूणाहुति होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भृगुनाथ सिंह ने कहा कि जीवन के लिये यज्ञ जरूरी है। यज्ञ आहुति ही पृथ्वी की रक्षा का संस्कार हैं। हमें उस संस्कार में अपनी भागीदारी निभानी है। बैठक में आरएसएस के जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल, खंड कार्यवाह राघवेंद्र कुमार, बिनोद पाठक, शिव कुमार चौधरी, प्रवीण मिश्र, सोनू सिंह, रोहित तिवारी, रामयश पाठक, चंद्रशेखर पाठक, अमरेश तिवारी, बसंत पाठक, दिनेश पाठक, सुदेश्वर पाठक, वीरेंद तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, वृदावन पाठक, रक्षेया पाठक, देवेंद्र चौधरी, डबल सिंह, कंचन पाठक, रोहित सिंह, योगेंद्र मिश्र, उज्जवल पटेल, कन्हैया, रवीन्द्र तिवारी आदि शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं स्वामी विवेकानंद : अभय वर्मा

मेदिनीनगर : युवा दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मेदिनीनगर इकाई ने भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले आध्यात्मिक गुरु, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंदजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। परिषद के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलते हुये भारत के विश्व गुरु बनाया जा सकता है। प्रदेश कल्याण छात्रावास कार्य प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से हूं जिसने पूरी दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का ज्ञान दिया। हम विश्व के सभी धर्मों को बराबर सम्मान देते हैं। तीन वर्ष तक वे अमेरिका रहे और वहां के लोगों को भारतीय तत्वज्ञान की अद्भुत ज्योति प्रदान करते रहे। मौके पर जिला संयोजक नितीश दुबे, नगर मंत्री विपिन यादव, नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, उज्जवल सिंह, सत्यम सिंह, सौरभ ठाकुर, आनंद वर्मा,रोशन कुमार, राहुल कुमार चेरो, राजू कुमार, राहुल कुमार, निशीकांत कुमार, रिया कुमारी, रजिया खातून आरती कुमारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप 13 व 15 जनवरी को

**कांडी :** प्रखंड कार्यालय पर 13 व 15 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुये बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र के जो लोग भी अपना आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते हैं या आयुष्मान कार्ड उनका किसी कारण से नहीं बन पा रहा है वैसे सभी लोगों के लिये 13 व 15 जनवरी को प्रखंड कार्यालय भवन में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जो व्यक्ति भी आयुष्मान कार्ड बनाना चाहते हैं या उनका आयुष्मान कार्ड किसी वजह से नहीं बन पाया है वे सभी लोग अपना-अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड तथा बैंक खाता की छाया प्रति के साथ प्रखंड कार्यालय भवन में उपस्थित होंगे।

**खेल** विधायक अनंत ने बंबा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ, कहा-

# ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कमी नहीं

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड के उतर बंबा टोला में बंबा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, झामुमो के युवा नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव एवं समाजसेवी महमूद आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उनकी प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ावें। साथ ही आयोजक मंडल अपनी तरफ से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी देने की व्यवस्था करे। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि खेल से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। साथ ही खेल समाज मे आपसी भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों को क्रिकेट टूर्नामेंट के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। टूनामेंट का पहला मैच बारोडीह व श्री बंशीधर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। बारोडीह क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 7 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाया। जबाबी पारी खेलने उतरी श्री बंशीधर क्रिकेट टीम 73 रन पर सिमट गई। बारोडीह की टीम ने जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर तस्लीम खान, मुखिया उषा देवी, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, भगवान राम, मुश्ताक अहमद शेख, राहत हुसैन, हैसियत अंसारी, सुलेमान अंसारी, उस्मान अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, डॉ फिरोज, राकिब अनवर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद ने पौधा दान व बैटिंग कर किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ

### राष्ट्र के धरोहर व वन पर्यावरण का प्रमुख अंग है युवा खेल व कला संस्कृति : डॉ कौशल

बंशीधर न्यूज

**छत्तरपुर :** प्रखंड के चराई पंचायत अंतर्गत कोकरो गांव में कोकरो क्रिकेट क्लब की ओर से इस वर्ष भी मैच का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत मुखिया रवींद्र राम व झामुमो सचिव सनी कुमार के साथ बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। डॉ कौशल ने क्रिकेट टीम के दोनों कैप्टन को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा दान कर एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाया। झामुमो



प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन का भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि वे अपने पंचायत में युवाओं के लिये बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया है। मैच में चिरु की टीम ने 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान में 159 रन बनाया। वहीं पोल्डी की टीम ने अपनी पारी खेलते हुये 10 ओवर में 46 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच का आयोजक एवं कॉमेंटेटर-उपेंद्र सिंह, अध्यक्ष संदीप यादव, सचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष चंचल कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह (अंपायर), मिंटू सिंह (अंपायर), धर्मदेव यादव, नन्दी विश्वकर्मा, शिवनाथ सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, उमेश यादव, यमुना सिंह, डॉ बसंत यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाईनल मैच

# गोविंद व ज्ञान निकेतन दूसरी बार फाईनल में

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाईनल मैच में गोविंद हाईस्कूल ने बीपीडीएवी को 36 रनों से एवं ज्ञान निकेतन ने रामासाहू को 55 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार फाईनल प्रवेश किया। पहले मैच में गोविन्द स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित ओवर में इमरान के शानदार अर्धशतक 59 एवं गोलू के 27 रन के बदौलत पांच विकेट खोकर 145 रन बनाये। बीपीडीएवी की ओर से सत्यम ने तीन, प्रत्युष और विक्रांत ने एक एक विकेट लिये। जबाबी पारी खेलने उतरी बीपीडीएवी निर्धारित ओवर में 109 रन ही बना पाई। बीपीडीएवी की ओर से प्रत्यूष ने 48 और विक्रांत ने 20 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित ओवर में सात विकेट पर शुभम के 30 एवं प्रियांशु के 18 रन के सहारे 113 रन बनाये। रामासाहू की ओर से कार्तिक ने चार और अभिनव ने दो विकेट लिया। 114 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी रामासाहू की टीम दिव्य प्रकाश के 26 रन के सहारे निर्धारित ओवर में 59 रन ही बना पाई। ज्ञान निकेतन की टीम 55 रनों से जीतकर लगातार दूसरी बार फाईनल में प्रवेश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविन्द के इमरान और ज्ञान निकेतन के शुभम को सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी दीपक, अनूप तिवारी, नवनीत शुक्ला, नितिन तिवारी, कमलेश कुमार दुबे, प्रिंस सोनी, प्रणव शंकर झा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मैच से पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती मैदान में मनाया गया। मैच से पूर्व सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये कहा कि कम संसाधन में बेहतर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिये भारत ही नहीं दुनिया भर में जाने जाते हैं। उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। विवेकानंद जी ने कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



**गढ़वा :** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शहर के गढ़देवी मंदिर के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मजदूरों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने मजदूरों के बीच बालश्रम और बाल तस्करी के मामलों की जानकारी दी। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के निबंधन, विक्टिम कंपनसेसन की जानकारी दी। पीएलवी अरविंद तिवारी ने मजदूर के बीच सरकार के द्वारा चलाई जा रही बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी। पीएलवी केएन दुबे ने लोक अदालत और मध्यस्थता की जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## बच्चों ने सतबहिनी तीर्थ स्थल का किया भ्रमण



**भवनाथपुर :** अवधूत भगवान राम नर्सरी इंग्लिश स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रविवार को कांडी थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध सतबहिनी तीर्थ स्थल का भ्रमण किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने यहां प्रसिद्ध मंदिर देखने के साथ ही बच्चों ने पिकनिक में खूब मौज मस्ती की। स्कूल के प्रथम वर्ग से लेकर पांचवी कक्षा के छोटे छोटे बच्चों ने पिकनिक में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल के नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने सुप्रसिद्ध सतबहिनी मंदिर का भ्रमण किया। इसमें बच्चों ने मंदिर देखा और इसके बाद पिकनिक का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को इस तरह का आयोजन कर उन्हें भ्रमण करवाना भी आवश्यक है। इससे बच्चों को एक दिन पढ़ाई को भूलकर मौज मस्ती करने का मौका मिलता है और इससे प्राचीन गतिविधियों से बच्चे अवगत भी होते हैं। मौके पर शिक्षिका किरण सिंह, सुषमा कुमारी, निधि कुमारी, रीमा कुमारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अवैध डंपिंग बालू को सीओ एवं पुलिस निरीक्षक ने किया जब्त



**मझिआंव :** सरकार के सख्त निर्देश के बावजूद भी मझिआंव एवं बरडीहा थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं के द्वारा प्रतिबंधित घाटों से चोरी छुपे बालू का उठाव कर भारी कीमतों में बेचने का काम किया जा रहा है। इधर गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दवनकारा गांव के झनझनावा टोला में विशुनपुरा थाना से लगभग 700 से 800 मीटर की दूरी पर लगभग 50 ट्रैक्टर अवैध रूप से डंपिंग बालू को सीओ प्रमोद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने जब्त किया। इस संबंध में सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से डंपिंग बालू को जब्त किया गया है। हालांकि बालू के अवैध कारोबारियों की पता नहीं चलने के कारण फिलहाल अवैध रूप से डंपिंग बालू को विशनपुरा थाना को देख रेख की जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू कारोबारी की सूचना मिलते ही विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के कहा कि जो बालू डंप किया गया है उसे पता किया जा रहा है। उसे किसी हाल में बक्शा नहीं जायेगा और कार्रवाई जरूर की जायेगी।

## ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी शॉ रुम का उद्घाटन



**भवनाथपुर :** खरौंधी मोड़ के नजदीक पांडेय कॉम्प्लेक्स में रविवार को ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी शॉ रुम का उद्घाटन नंदकुमार पांडेय ने फीता तथा केक काटकर किया। मौके पर स्टोर मैनेजर ज्योति प्रकाश चौहान ने बताया कि बहुत ही खुशी की बात है कि भवनाथपुर में ओला कंपनी के द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी का शो रुम खोला गया है। कहा कि आठ वर्ष या एक लाख किमी की वारंटी है। विभिन्न मॉडलों के इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध है। चार्ज के लिये किसी भी ओला के एजेंसी में किया जा सकता है। मौके पर सुनील कुमार पांडेय, दिनेश दुबे, आलोक शर्मा, रामप्रवेश पांडेय, सुरेंद्र दुबे, विनय गुप्ता, संजय तिवारी, साक्षी पांडेय, शिवांश पांडेय, बसंत पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## अक्षय स्टारर फिल्म 'भूत बंगला' में तब्बू की एंट्री


बॉलीवुड फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मशहूर एक्ट्रेस तबू अक्षय कुमार की मच अवेटेड हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का हिस्सा बन गई हैं। इस बात की घोषणा खुद अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर जयपुर में परेश रावल के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए की है। साथ ही इस खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए तब्बू ने हिंट देते हुए कैप्शन में लिखा है, हम यहां बंद हैं। 'भूत बंगला' में हंसी और डर का मजेदार मिक्स देखने को मिलेगा, जैसे अक्षय कुमार ने अपनी पिछली फिल्मों 'भूल भुलैया' और 'लक्ष्मी' में किया था। तबू, जो अपने दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर हैं, जैसे 'अंधाधुन' और 'हैदर', उम्मीद है कि वो इस फिल्म में कुछ नया और खास जोड़ेंगी। तब्बू का इस प्रोजेक्ट में आना फिल्म के लिए उम्मीदों को और बढ़ा रहा है। फैंस ये जानने के लिए उत्साहित हैं कि अक्षय कुमार के साथ उनका स्क्रीन पर तालमेल कैसा होगा। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि 'भूत बंगला' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक होने वाली है, जो शानदार परफॉर्मेंस और एक दिलचस्प स्क्रिप्ट का बेहतरीन मेल है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स फारा शेख और वेदांत बाली हैं, और यह बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है।

## गडकरी ने कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' को बताया बेहतरीन



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में बहुचर्चित 'इमरजेंसी' की विशेष स्क्रीनिंग में भाग लिया, जिसे अभिनेता-निर्देशक कंगना रनौत और अनुपम खेर ने होस्ट किया। कंगना द्वारा निर्देशित, इमरजेंसी भारत के सबसे विवादास्पद और अशांत अध्यायों में से एक में गहराई से उतरती है, एक ऐसा युग जब लोकतंत्र को निलंबित कर दिया गया था, और राष्ट्र एक चौराहे पर खड़ा था। कंगना द्वारा इंदिरा गांधी का प्रभावशाली चित्रण और जयप्रकाश नारायण के रूप में अनुपम खेर सहित अन्य कलाकारों के साथ, यह फिल्म दर्शकों को एक गहन राजनीतिक यात्रा पर ले जाती है, जिसमें अनियंत्रित शक्ति और लोकतंत्र की आत्मा के बीच उच्च-दांव की लड़ाई की खोज की जाती है। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए नितिन गडकरी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ₹नागपुर में कंगना जी और अनुपम खेर जी की फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुआ। मैं हमारे देश के इतिहास के काले अध्याय को इतनी प्रामाणिकता और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने के लिए फिल्म निमार्ताओं और अभिनेताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। मैं सभी से यह फिल्म देखने का आग्रह करता हूँ, जो भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर को दशार्ती है। उनके पोस्ट का जवाब देते हुए कंगना ने लिखा, आपके कीमती समय के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद सर। नितिन गडकरी फिल्म की प्रामाणिक कथा और मनोरंजक अभिनय से स्पष्ट रूप से प्रभावित हुए। इमरजेंसी में विस्तार पर ध्यान, इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों का सूक्ष्म चित्रण और राजनीतिक चालबाज़ियों की खोज ने नेता को स्पष्ट रूप से प्रभावित किया।

**महाकुम्भ : निरंजनी अखाड़े में अमेरिका से आये वेद व्यासानन्द महाराज का पट्टा अभिषेक करते महंत कैलाशानन्द जी महाराज**



# साहित्य पुरस्कार समारोह

# 22 भारतीय भाषाओं के युवा साहित्यकार हुए पुरस्कृत

**भुवनेश्वर।** साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाला प्रतिष्ठित युवा साहित्य पुरस्कार 2024 रविवार शाम महाराज कृष्ण चंद्र गजपति प्रेक्षागृह, उत्कल विश्वविद्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। अर्पण समारोह में आज 22 युवा लेखक पुरस्कृत किए गए। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर लब्धप्रतिष्ठ अंग्रेजी विद्वान, साहित्यकार, अनुवादक एवं पत्रकार जेरी पिंटो उपस्थित रहे। साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने कहा कि युवा प्रतिभा हमारे दिलों में आशा और उत्साह का संचार करती है। यही कारण है कि दुनियाभर में विशेष उपलब्धियां पाने वाले हमेशा युवा ही रहे हैं। उन्होंने साहित्य अकादेमी द्वारा युवा लेखकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि आज यहां पुरस्कृत युवा लेखक केवल अपनी भाषा के रचनाकार ही नहीं बल्कि अपनी- अपनी भाषा को बचाए रखने वाले सेनापति भी हैं। उन्होंने युवा लेखकों को पूरे देश के बदलाव का सच्चा खाका खींचने वाला बताते हुए कहा कि उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ भी जुड़ना चाहिए क्योंकि आज उनके




पास इसको समझने के हजारों साधन उपलब्ध हैं। समारोह के मुख्य अतिथि जेरी पिंटो ने कहा कि युवा लेखन की पहुंच और सफलता के लिए उसके व्यापक अनुवाद की जरूरत है। उन्होंने इस बात जोर दिया कि अनुवाद अंग्रेजी के साथ ही विभिन्न भारतीय भाषाओं में होना चाहिए। उन्होंने सभी से पुस्तक खरीदने की अपील करते हुए कहा कि अनुवाद का पुल हमारे द्वारा पुस्तक खरीदने पर ही बचा रहेगा। उन्होंने किताबों को विचारों का बीज बताते हुए कहा कि आगे चलकर यह किताबें ही विचारों के एक जंगल में बदल जाती है। समापन वक्तव्य देते हुए साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने कहा कि साहित्य अकादेमी युवा दिवस यानि विवेकानंद जी के जन्म दिन पर ही इस अर्पण समारोह का आयोजन करती है, अतः हमें उनके विचारों को अपने जीवन में भी समाहित करना चाहिए।

### 22 युवा लेखक हुए पुरस्कृत

हिंदी के लिए पुरस्कार गौरव पाण्डेय के कविता संग्रह 'स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी' को प्रदान किया गया। अंग्रेजी के लिए के. वैशाली की पुस्तक होमलेस ग्रोइंग अप लेसबियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया, पंजाबी के लिए रणधीर के कविता-संग्रह खत जो लिखणो रह गए तथा उर्दू के लिए जावेद अंबर मिस्बाही के कहानी-संग्रह स्टेपनी को युवा साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। युवा पुरस्कार 2024 प्राप्त अन्य लेखक हैं- असमिया - नयनज्योति शर्मा,जाल कोटा जुई (कहानी-संग्रह), बांग्ला - सुतपा चक्रवर्ती, देराजे हालुद फुल, गताजन्मा (कविता-संग्रह), बोडो- सेल्फ मेइड राणी बर, साइख्लुम (कहानी-संग्रह), डोगरी- हीना चौधरी, इक रंग तेरे रंगें चा (कविता-संग्रह), गुजराती- रिंकु राठोड़ शर्वरी, तो तमे राजी (कविता-संग्रह), कन्नड- श्रुति बी. आर जीरो बैलेंस (कविता- संग्रह ), कोंकणी - अद्वैत चंद्रकांत साळगांवकार, पेडण्याचा सामारां (निबंध-संग्रह), मैथिली - रिंकी झा ऋषिका,नदी घाटी सभ्यता (कविता-संग्रह), मलयाळम्- श्यामकृष्णन आर., मीशाक्कल्लन (कहानी-संग्रह), मणिपुरी- वाइखोम चिंगखेइंगनबा,अशिबा तूरेल (कविता-संग्रह), मराठी- देवीदास सौदागर, उसवण (उपन्यास), नेपाली- सूरज चापागाईं,क्यानभासको क्षितिज (कविता-संग्रह), ओडिआ- संजय पांडा, हु बाइआ (कहानी-संग्रह), राजस्थानी- सोनाली सुथार, सुध सोधूं जग आंगणै (कविता-संग्रह), संताली- अंजन करमाकर, जंगबहा (कविता-संग्रह), सिंधी - गीता प्रदीप रुपाणी, पेपर पर्या (लेख-संग्रह), तमिळ. - लोकेश रघुरामन,विष्णु वंधार (कहानी-संग्रह),तेलुगु- रमेश कार्तिक नायक, धावळो (कहानी-संग्रह)।

### शरद पंवार-उद्धव ठाकरे को जनता ने उनकी जगह दे दी : शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को



अहिल्यानगर जिले के शिर्डी में कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने शरद पंवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा कि शरद पंवार 1978 से छल-कपट की राजनीति कर रहे थे, उनकी राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और 2019 में बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने और धोखाधड़ी की राजनीति करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह आज शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से शिर्डी में आयोजित महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के कई मायने हैं। इस चुनाव ने राजनीति की दिशा बदल दी है। इस चुनाव ने भाई-भतीजावाद की राजनीति करने वालों को करारा तमाचा लगाया है। साथ ही इस चुनाव ने यह भी दिखा दिया है कि सिद्धांत की राजनीति से भाई-भतीजावाद पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ही असली बालासाहब की शिवसेना है और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ही असली राकांपा है। शाह ने कहा कि जब देवेंद्र फडणवीस पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने का सपना देखा था और उस पर काम भी शुरू किया था। अब अपने दूसरे कार्यकाल में

**Hit लिस्ट**

### मध्य यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट में गई 15 लोगों की जान, 67 घायल

**सना।** मध्य यमन के अल बायदा प्रांत में एक गैस स्टेश पर विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई है और 67 लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने



रविवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट शनिवार को बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ। मंत्रालय के अनुसार, विस्फोट में घायल 67 लोगों में से 40 की हालत गंभीर है। साथ ही बचाव दल लापता लोगों की भी तलाश कर रहे हैं। फिलहाल विस्फोट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विस्फोट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें भीषण आग दिखाई दे रही है। आग की वजह से आसमान में छाए धुएं के गुबार और जल्दी गाड़ियां साफ दिख रही हैं। बतादें कि बायदा पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है, जो एक दशक से अधिक समय से यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के साथ युद्ध में हैं।

### उत्तराखंड : बस खाई में गिरने से पांच की मौत, 17 से अधिक घायल



**देहरादून/पौड़ी।** जनपद पौड़ी के सत्याखाल मार्ग पर केंद्रीय विद्यालय के पास रविवार को एक अनियंत्रित बस के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 17 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए घायलों को उपचार के लिए आव श्यक निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा अपराहन करीब पौने चार बजे हुआ। मिनी बस संख्या-(यूके/12 पीबी -0177) पौड़ी बस अड्डे से केंद्रीय विद्यालय होते हुए श्रीनगर के लिए निकली थी। तहसील पौड़ी के सत्यखाल मोटर मार्ग पर केंद्रीय विद्यालय ग्राम क्यार्क के समीप अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना पर तत्काल थाना पौड़ी से कोतवाली प्रभारी पुलिस और एसडीआरएफ टीम

**अपर कणार्ली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए इन दोनों ही भारतीय कंपनियों की तरफ से प्रति कंपनी 2080 करोड़ रुपए निवेश को मंजूरी**

# नेपाल के 900 मेगावाट हाइड्रो पावर के लिए दो भारतीय कंपनियों का 4000 करोड़ से अधिक का निवेश

**काठमांडू।** भारतीय कंपनी जीएमआर के पास रहे 900 मेगावाट क्षमता की अपर कणार्ली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए भारत की दो कंपनियों ने निवेश के लिए ऋण देने की सहमति दी है। इसके अलावा नेपाल के बैंकों से भी ऋण लेने की सहमति के बाद जल्द ही इस परियोजना के शुरू होने का विश्वास जताया जा रहा है।

जीएमआर ने इस परियोजना को बनाने के लिए 2009 में टेंडर लिया था लेकिन निवेश का स्रोत नहीं मिल पाने के कारण अब तक यह शुरू नहीं पायी थी। अब भारत की दो बड़ी कंपनियों पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और इंडियन रिन्युवल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (आईआरईडीए) ने निवेश




समझौते को स्वीकृति दे दी है। अपर कणार्ली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए इन दोनों ही भारतीय कंपनियों के तरफ से प्रति कंपनी 2080 करोड़ रुपए निवेश को मंजूरी दे दी गई है। यह दोनों भारत सरकार की स्वामित्व वाली संयुक्त उपक्रम है। नेपाल इन्वेस्टमेंट बोर्ड के प्रवक्ता प्रद्युमन प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि नेपाल के 9 अलग अलग बैंकों से 640 करोड़ रुपए ऋण की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते ही इन सभी निवेश करने वाले कंपनियों और बैंकों से अंतिम समझौता कर लिया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 14,632 करोड़ रुपए बताई गई है। 70 प्रतिशत ऋण बाहर से जुटाकर जीएमआर के तरफ से 30 प्रतिशत का निवेश किए जाने की जानकारी नेपाल इन्वेस्टमेंट बोर्ड के तरफ से दी गई है। अब तक 10 हजार करोड़ से अधिक निवेश की स्वीकृति मिल गई है। जीएमआर के तरफ से निवेश नहीं जुटा पाने के कारण उसने नेपाल इलेक्ट्रिसिटी ऑथारिटी को 27 प्रतिशत शेयर मुफ्त में दे दिया है। इसके अलावा जीएमआर ने भारतीय कंपनी इरेडा को पांच प्रतिशत शेयर और सतलज जलविद्युत निगम को 34 प्रतिशत शेयर दिया है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)